# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा/2025/388 दिनांक: 15.7.2025

## राजस्थान विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा मई, 2025 के परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी सूचना

पूर्व में जारी सूचना क्रमांकः परीक्षा/2025/2468–2480 दिनांक 25.06.2025 एवं परीक्षा/2025/92–101 दिनांक 05.07.2025 की निरन्तरता में राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र् 2024–25 के स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020) के नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं https://erp.univraj.org तथा www.univraj.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरे जाने हेतु तिथियॉ निम्नानुसार बढायी जाती है:–

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम | विलम्ब शुल्क रू. 500 सहित |
|---|---|---|
| 1. | Three/Four Year Bachelor of Arts/Science/Commerce/ B.SC. Bio-Tech./ B.Sc. Home Scince/ Bachelor of Computer Application/ Bachelor of Business Administration/ Bachelor of Performing Arts/ Bachelor of Visual Arts (B.A., B.Sc., B.Com., B.Sc. Bio-Tech., B.Sc. Home Science, B.C.A., B.B.A., B.P.A. and B.V.A) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थी | 16.07.2025 से 17.07.2025 |

नोटः
1. **सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अंतिम तिथि का इन्तजार नहीं करें।**
2. **परीक्षा संबंधी समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं https://erp.univraj.org तथा www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें। केवल वेबसाईट पर उपलब्ध सूचनाओं को ही अधिकृत मानें।**

**आवश्यक निर्देश**

- सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID अनिवार्य है। परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी. एवं ABC ID प्रविष्ट करें तथा ABC ID में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर ही परीक्षा आवेदन पत्र पर अंकित करना अनिवार्य है।
- स्नातक द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र अनुक्रमांक एवं ABC ID दर्ज कर परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
- **परीक्षा आवेदन पत्र भरना ही परीक्षार्थी को प्रविष्टी का अधिकार नहीं देता है। परीक्षा आवेदन पत्र भरने के लिए विद्यार्थी का महाविद्यालय में प्रवेश एवं 75 प्रतिशत उपस्थिति तथा महाविद्यालय स्तर पर आयोजित सतत् मूल्यांकन में 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है, अन्यथा ऑनलाईन आवेदन पत्र स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा और परीक्षा शुल्क वापस नहीं होगा।**
- परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व स्वयं अपनी पात्रता की जॉच करें और परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पश्चात् ही परीक्षा शुल्क जमा करावें, चूंकि परीक्षार्थी द्वारा स्वयं की गलती से जमा करवाया गया परीक्षा शुल्क लौटाया (Non-Refundable) नहीं जावेगा।
- माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित परीक्षार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
- महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आवेदन पत्र जमा करवाने वाले अभ्यर्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र के साथ पूर्व की सभी सम्बन्धित परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की छायाप्रतियॉं परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने से पूर्व सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक से मूल अंकतालिकाओं से सत्यापित करवाया जाना अनिवार्य है।
- ऑनलाईन पेमेंट भुगतान संबंधी समस्या के लिये हेल्पलाईन नम्बर 9372505528 पर सम्पर्क करें।
- सर्वर एवं ऑनलाईन भुगतान संबंधी समस्या से बचने के लिए परीक्षार्थी अन्तिम तिथि का इन्तजार किये बिना ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
- राजस्थान विश्वविद्यालय की परीक्षा वर्ष 2025 के लिए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने वाले सभी परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र (Hard Copy) सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र/विभाग से अग्रेषित करवाना अनिवार्य है। सम्बन्धित परीक्षार्थी निर्धारित तिथि तक मय दस्तावेजों के सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र/विश्वविद्यालय विभाग में अपना परीक्षा आवेदन पत्र जमा करना सुनिश्चित करें।
- निर्धारित तिथि के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि नहीं की जावेगी। अतः सम्बन्धित छात्रों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर कर सम्बन्धित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।
- **स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाऐं 23 जुलाई, 2025 से प्रारम्भ हो रही है जिसकी समय सारणी विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है।**
- परीक्षा सम्बन्धित अन्य जानकारियों एवं परीक्षा समय सारणी हेतु छात्र वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं https://erp.univraj.org तथा www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।
- ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने संबंधी कोई समस्या के सामाधान हेतु छात्र हेल्पलाईन नम्बर 7726953531 अथवा 7688828545 पर कार्यालय समय प्रातः 9.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

Sd/-

परीक्षा नियंत्रक

कृ.पृ.उ.

क्रमांक : परीक्षा/2025/389-400 दिनांकः 15.7.2025

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :—

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि यह सुनिश्चित करें कि नियमित परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों सहित सूची साथ विश्वविद्यालय को निर्धारित समय में प्रेषित करें। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड़ आवश्यक रूप से अंकित करें।**
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करें कि परीक्षा—2025 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconciliation करवाने का श्रम करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार समाचार के रूप में भी प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
5. प्रबन्धक, आई.सी.आई.सी.आई, बैंक, बापू नगर ब्रांच, विश्वविद्यालय केम्पस, जयपुर को भेजकर लेख है कि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से जमा परीक्षा शुल्क का Real Time Integration प्रक्रिया अपनाते हुये उसकी जानकारी संबंधित परीक्षा फॉर्म भरवाने वाली कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित करें। यदि किसी परीक्षार्थी का भुगतान Real Time Integration प्रक्रिया में सफल ना होने पर तत्काल रिफंड करें जिससे परीक्षार्थी/विश्वविद्यालय फीस रिफंड हेतु अनावश्यक परेशान ना हो।
6. निजी सचिव, कुलगुरू/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. समस्त उप—कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/शैक्षणिक —द्वितीय/सेलर— I, II/परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

15/7/25

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)